Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of India/ Hindustan Times/ Dainik Jagran / Amar Ujala/ Navbharat Times Hindustan Hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year**-16 **Issue**- 20
Ghaziabad, Sunday, 13 October- 2024

13 October- 2024 to 19 October- 2024

**Page:** 8

**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:** 101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.com

Email: editor@tbam.co.in

Page 2



Page 5



Page 8



# टीबी रोग से पीड़ित 100 बालिकाओं को पोषण आहार किट का वितरण किया

## आरएचएएम फाउंडेशन और जिला रोटरी स्वास्थ्य जागरूकता मिशन द्वारा जनपद में अब तक टीबी से पीड़ित 15 वर्ष से कम उम्र की 450 बालिकाओं को गोद लिया है, साथ ही फाउंडेशन द्वारा सभी टीबी रोग से पीड़ित बालिकाओं को प्रतिमाह पुष्टाहार देने का भी भरोसा दिया गया





**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** 35वीं परियोजना 09-अक्टूबर नवरात्रि के अवसर पर आरएचएएम फाउंडेशन और जिला रोटरी स्वास्थ्य जागरूकता मिशन द्वारा जनपद गाजियाबाद में अब तक टीबी से पीड़ित 15 वर्ष से कम उम्र की 450 बालिकाओं को गोद लिया। आरएचएएम फाउंडेशन और जिला रोटरी स्वास्थ्य जागरूकता मिशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने के दृष्टिकोण में सहयोग करते हूए लगातार टीबी रोग से पीड़ित मरीजों को रोग मुक्त करने में हर संभव मदद करने का कार्य कर रहा है।

इस कड़ी में गाजियाबाद स्थित एमएमजी अस्पताल की टीबी यूनिट टीबी रोग से पीड़ित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की 100 बालिकाओं को सीएमओ, गाजियाबाद के अनुमोदन के अनुसार जूस, चना, दाल और अन्य प्रोटीन युक्त भोजन से युक्त फूड पैकेट वितरित किए हैं।कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि अभिनव गोपाल (आईएएस) सीडीओ, गाजियाबाद, विशिष्ट अतिथि डॉ अखिलेश मोहन, सीएमओ, गाजियाबाद, डीजी प्रशांत राज शर्मा, डीजीई अमिता मोहिंद्रू के साथ हमारे विशिष्ट अतिथि डॉ अनिल यादव, डीटीओ, गाजियाबाद, पीडीजी जेके गौर, पीडीजी अशोक अग्रवाल और टीबी यूनिट के अन्य सहायक कर्मचारी राघवेंद्र चौहान, दीपाली गुप्ता, निधि तिरखा, नीरज शर्मा, ज्ञानेंद्र, अभिषेक और डॉ भव्य श्रीवास्तव आभाष कंसल, कार्यकारी सदस्य, रोटेरियन मनीषा भार्गव, कोषाध्यक्ष, आरएचएएम फाउंडेशन, रोटेरियन दयानंद शर्मा, सचिव, आरएचएएम फाउंडेशन, रोटेरियन संदीप अग्रवाल, अध्यक्ष, आरसी गाजियाबाद ग्रीन, रोटेरियन प्रतीक भार्गव, अध्यक्ष, आरसी इंदिरापुरम जालोर, आरएचएएम टीम के मुख्य सदस्य मौजूद रहे हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत रोटेरियन श्वेता अग्रवाल, आरसी गाजियाबाद ग्रीन, रोटेरियन रवि बाली, कार्यकारी सदस्य, रोटेरियन विनीत



अग्रवाल, कार्यकारी सदस्य, रोटेरियन योगेश गर्ग, कार्यकारी सदस्य, रोटेरियन वरुण शर्मा, कार्यकारी सदस्य, रोटेरियन साक्षी आभाष कंसल, अध्यक्ष निर्वाचित, आरसी गाजियाबाद सैफरन, रोटेरियन सचिन चौधरी, आरएचएएम फाउंडेशन के सभी गणमान्य व्यक्तियों के स्वागत से हुई। जिसके बाद गाजियाबाद के सीडीओ ने संबोधित करते हुए आरएचएएम फाउंडेशन द्वारा किये जा रहै कार्य की प्रशंसा करते हुए आरएचएएम फाउंडेशन की टीम को धन्यवाद देते हूए समाज के प्रति हमारे प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान, अन्य परियोजनाओं और समय के बारे में भी टीम को जानकारी मिली, जिसके लिए टीम भविष्य के प्रयासों के लिए आपनी प्रतिबद्ध तजाई है। आरएचएएम (रहम) फाउंडेशन इस अभियान में को रोटरी क्लब गाजियाबाद सेफरोन सहित इंदिरापुरम परिवार, गाजियाबाद इंडस्ट्रियल टाउन, गाजियाबाद सनराईज, गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल, इंदिरापुरम गैलोर, दिल्ली ईस्ट एंड, दिल्ली मयूर विहार, गाजियाबाद ग्रीन, गाजियाबाद अशोक, गाजियाबाद आस्था, गाजियाबाद विस्टा, गाजियाबाद ग्रेस, गाजियाबाद रिदम, दनकौर, मयूर विहार सोनीपत मिडटाउन द्वारा भी सहयोग किया गया।

# Editorial

## PM Gati Shakti Initiative

The PM Gati Shakti scheme, launched with the aim of creating world-class infrastructure in the country, has completed three years. Meanwhile, the country's logistics sector has made significant progress. This includes improvement in global rankings, digitization efforts and increased efficiency. Major initiatives like PM Gati Shakti and National Logistics Policy have contributed to increasing competitiveness and trade facilitation. More than 44 central ministries and 36 states and union territories joined it. This integration is important for India to meet its net zero commitments by 2070.Prime Minister Narendra Modi said on Sunday that in conjunction with the National Logistics Policy (NLP), PM Gati Shakti has played an important role in addressing critical infrastructure deficiencies, reducing logistics costs and improving India's logistics performance. Thanks to Gati Shakti, the country is moving at a fast pace to fulfill the dream of a developed India. It will encourage progress, entrepreneurship and innovation. According to a study, logistics cost in India is about 13 percent of GDP, which is much higher than developed countries. India's export competitiveness is greatly reduced due to high logistics cost. In fact, PM Gati Shakti has reduced logistics cost and enabled better service delivery. There has been a major change in the way infrastructure projects are planned and implemented. A holistic and integrated transport connectivity strategy has supported 'Make in India' and integrated various modes of transport, which is important for the Aatmanirbhar Bharat vision.This has created new employment opportunities for many people. This initiative is making India's infrastructure smarter and stronger. It is also promoting economic growth in India and shaping the future of development. Apart from this, it has helped in building and utilizing the capacity of infrastructure on time along with removing long-standing problems like uncoordinated planning, lack of standardization, approval challenges. Overall, PM Gati Shakti has proved to be a step in the right direction. However, it needs to address the structural and macroeconomic stability concerns arising from high public expenditure.

**Dr. Dheeraj Kumar Bhargava**

## South Africa Crush Bangladesh By 7 Wickets In Women's T20 World Cup



**New Delhi.**Tazmin Brits top-scored with 42 as South Africa crushed Bangladesh by seven wickets in their Group B match of the women's T20 World Cup in Dubai on Saturday.

South Africa batters outperformed their counterparts on a languid surface as they chased down the target of 107 in 17.2 overs. Brits (42 off 41 balls, 5x4s) and Anneke Bosch (25) put on 53 for the second wicket after early loss of Laura Wolvaardt (7), while Chloe Tryon (14 not out) and Marizanne Kapp (13 not out) provided the finishing touches. Earlier, Bangladesh went into a shell after an early blow and resorted to a conservative approach on what turned out to be yet another sluggish pitch in this tournament. PlayUnmute Fullscreen South Africa veteran Marizanne Kapp removed Dilara Akter on the second ball of the match for a duck and from thereon, Bangladesh exercised extreme caution which seemed to be the correct approach on such a pitch, but they did not have big hits in their arsenal.

Opener Shathi Rani managed 19 off 30 balls with one six and a four but the others simply struggled. Sobhana Mostary made 38 off 43 balls while skipper Nigar Sultana made 32 off 38 balls. Listen to the latest songs, only on JioSaavn.com Kapp (4-0-10-1) and Nonkululeko Mlaba (4-0-11-1) were the pick among the bowlers for South Africa.

## Sanju Samson Ton Powers India To 133-Run Win, T20 Series Sweep Against Bangladesh



**New Delhi.** Sanju Samson's ebullient maiden T20 International hundred dotted India's resounding 133-run victory and 3-0 series sweep over a listless Bangladesh in Hyderabad on Saturday. Once India broomed away records like rotten twigs while posting 297 for 6 after electing to bat, it was always a case of eventual margin of win and Bangladesh never really offered a meaningful fight, ending up at 164/7 in the third and final T20I. Pacer Mayank Yadav (2/32) and leg-spinner Ravi Bishnoi (3/30) led the hosts' bowling effort.

Samson (111, 47 balls, 11x4, 8x6), who hammered the second fastest T20I century by an Indian after Rohit Sharma (35 balls), and skipper Suryakumar Yadav (75, 35 balls, 8x4, 5x6), biffed 173 runs during an electrifying second wicket stand, propelling the hosts past several records.

The total was second in the all-time list of the highest T20I team totals behind Nepal's 314 and ahead of Afghanistan's 278/3, and also India's highest in the shortest format. They were purely amazing stats even taking into account a barren pitch and lighting quick outfield. But beyond that cold realm of numbers, Samson's innings was touched by his esoteric genius, the ingredient that makes him compelling and frustrating in equal measure.

But the Kerala right-hander chose to display his captivating side on the field on a clement Hyderabad night and Bangladesh withered quickly. Samson needed a big effort after lukewarm outings in the first two matches in Gwalior and New Delhi and, oh boy, did he make it count here ! Samson's brand-new purpose found an immediate on-field expression as he pummelled pacer Taskin Ahmed for four consecutive fours -- two cover drives and as many flicks -- in the second over of the innings. It was the perfect teaser for the blockbuster action that unfolded in the next 10.3 overs. The rapid start also helped India move past the early dismissal of opener Abhishek Sharma (4), falling to a poorly-timed pull off slinger quick Tanzim Hasan. Suryakumar was a mere spectator once Samson slipped into top gear with an array of mind-spinning shots. That could be the biggest tribute for the 29-year-old's knock. It is quite tough to put Suryakumar to shade in T20Is but Samson did that with a knock of rare brilliance as India raced to 82 for 1 in Power Play and 152 for 1 after 10 overs. No bowler was spared during the batting extravaganza that was based on the single-minded and simple philosophy of naked aggression. It was so glaring in the 10th over when leg-spinner Rishad Hossain came to bowl.

Hossain erred in line and length and Samson creamed him for five consecutive sixes, including a 105-meter monster. But the most stunning shot in Samson's innings was a six off the backfoot off pacer Mustafizur Rahman. Waiting deep inside the crease, Samson judged the slower ball to perfection, and whacked it over extra cover for a maximum, eliciting a dejected shrug and shake of head from the experienced bowler. Soon, he brought up his hundred off 40 balls with a boundary off off-spinner Mahedi Hasan and celebrated with a roar and punch before getting melted into a tight embrace by his captain.Suryakumar reminded the gallery of his presence, smashing Tanzim for three fours and a six while reaching his fifty in 23 balls. But both the batters fell in the space of adding 10 runs. Samson was jettisoned by Mustafizur's well-directed bouncer and Suryakumar became Mahmudullah's last T20I victim, giving a simple catch to Rishad in deep. But by then India had reached 206 for three in the 15th over.

That itself was a daunting total but Hardik Pandya (47, 18 balls, 4x4, 4x6) and Riyan Parag (34, 13 balls, 1x4, 4x6) flogged the dead horse to milk a further 70 runs for the fourth wicket as India raced to a massive total. Once Mayank ousted Pervez Hossain in the first ball of Bangladesh innings, they struggled for momentum in the always futile chase of 298. The tourists did not have the resources even to attempt a powerful chase as knocks by Towhid Hridoy (63 not out, 42 balls, 5x4, 3x6 ) and Litton Das (42, 25 balls, 8x4) remained distant specks in the match's scoresheet.

## India Draw 1-1 Against Vietnam, Winless Run Stretches To 11 Games

**New Delhi**: Manolo Marquez will have to wait for his first win as India head coach as his team played out a 1-1 draw in an entertaining international football friendly match against Vietnam here on Saturday.

Vietnam took the lead in the 38th minute through Nguyen Hoang Duc before Farukh Choudhary equalised in the 53rd minute at the Thien Truong Stadium, around 100 km from Hanoi. In Marquez's two matches as head coach so far, India drew against Mauritius and lost 0-3 to Syria in the Intercontinental Cup in Hyderabad last month. PlayUnmute Fullscreen Ranked 116th, Vietnam are 10 spots higher than India (126th) in the FIFA rankings. In an eventful first half, India goalkeeper and captain Gurpreet Singh Sandhu stopped a penalty kick awarded to Vietnam in the 10th minute after Rahul Bheke fouled a home side attacker. Vietnam captain Que Ngoc Hai's shot, however, went straight to Sandhu. Two minutes before that, Choudhary was let free in an Indian attack but his left-footer from just outside the box was stopped by Vietnam goalie Nguyen Filip.

In the 27th minute, India also got a chance but again Choudhary's left-footed shot from a difficult angle off a pass from Brandon Fernandes could not beat the Vietnam goalkeeper. Chau Ngoc Quans almost gave Vietnam the lead in the 32nd minute when he outsmarted an Indian defender with his turn and his left-footed curler beat Sandhu but the ball went wide of the post by few inches. Vietnam's goal eventually came six minutes later. Bui Vi Hao's volley from inside the box deflected from an Indian defender and Gurpreet's outstretched leg was able to touch the ball but not enough to send it out of harm's way. All Nguyen Hoang Duc had to do was just push the ball into the open net from the goal-line. India played much better in the second half. They had periods of dominance and also found the equaliser in the 53rd minute.

Defender Anwar Ali sent a long aerial ball from near the centre line and Choudhary won an aerial duel with Vietnam captain Que Ngoc Hai rather easily and he chipped the ball over an onrushing goalie Nguyen Filip into the empty net. Ten minutes later, Lallianzuala Chhangte's chip into the Vietnam box almost found Choudhary's feet but the home side goalkeeper was able to lay his hand on the ball.

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों को बैंक प्राथमिकता के आधार पर दें लोन: जिलाधिकारी

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि इस योजना में लापरवाही न बरते। उन्होंने बैंकों के प्रबंधकों को भी निर्देश दिए कि लाभार्थियों को बैंक प्राथमिकता के आधार पर लोन दें। गुरूवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समिति के साथ बैठक की।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, विद्युत वितरण निगम के चीफ इंजीनियर अशोक सुंदरम,अधिशासी अभियंता,नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी,लीड बैंक मैनेजर बुद्धराम समेत विभिन्न बैंकों के प्रबंधक,यूपीनेडा के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी आदि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने बैठक में समीक्षा करते हुए पंजीकृत वेंडरों,बैंक प्रबंधक,विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इसका लाभ जनपद में अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना चाहिए।




उन्होंने लीड बैंक प्रबंधक बुद्धराम को निर्देशित किया कि योजना का लाभ लेने वाले आवेदकों के लोन के आवेदनों पर बैंकों के माध्यम से यथाशीघ्र ऋण उपलब्ध कराने की कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए। इसमें किसी भी प्रकार से विलंब न किया जाए। बैठक में उपस्थित वेंडरों ने योजना को जनपद में क्रियान्वित कराने के लिए इसमें आ रही समस्याओं से भी अवगत कराया। जिलाधिकारी ने इसका संज्ञान लेते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वेंडरों की समस्याओं का जल्द निस्तारण कराया जाए,ताकि जनपद में अधिक से अधिक लोग पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से लाभान्वित हो सकें। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने नेट मीटर के संबंध में आने वाली समस्या का निस्तारण एक सफ्ताह में कराने का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि योजना से संबंधित विद्युत विभाग की प्रगति रिपोर्ट यूपी नेडा अधिकारी प्रत्येक सफ्ताह के अंतिम कार्यदिवस शुक्रवार या शनिवार को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। विद्युत विभाग के अधिकारी योजना की रिपोर्टिंग एवं कार्य के लिए एक सेल का गठन करें। इसमें विद्युत विभाग के किसी अधिकारी व कर्मचारी द्वारा कार्य में लापरवाही एवं ढ़िलाई बरती गई तो उसे मुख्यमंत्री के आदेशों की अवहेलना मानते हुए विभाग के उच्च अधिकारी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा जाएगा।


## पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों को बैंक प्राथमिकता के आधार पर दें लोन: डीएम

**गाजियाबाद।** बैंकों से विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदकों द्वारा लिए जाने वाले लोन के आवेदन निरस्त करने का बैंकों को पूर्ण विवरण देना होगा। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने विभिन्न बैंकों के अधिकारियों को यह दिशा-निर्देश दिए हैं। गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, उपायुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक बुद्धराम एवं बैंकों के प्रबंधक, जिला समन्वयक के साथ ऋण योजना एवं मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना, एक जनपद-एक उत्पाद योजना की समीक्षा बैठक की।

बैठक में जिलाधिकारी ने बैंकर्स द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति होने तथा अधिक संख्या में आवेदनों को निरस्त किए जाने पर असंतोष प्रकट किया। जिलाधिकारी लाभार्थियों के आवेदन निरस्त किए जाने और बैंकों की कार्रवाई के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित बैंक अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि वह प्रत्येक आवेदन पत्र पर संबंधित आवेदक से स्वयं समन्वय स्थापित करते हुए आवेदनों के निस्तारण अथवा कोई आवेदन जिसमें ऋण प्रदान किया जाना संभव नहीं है। उसे कारण सहित आवेदक को अवगत कराते हुए कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने बैंकवार अधिकारियों के साथ समीक्षा करते हुए कहा कि आवेदन प्राप्त होने के तीन कार्यदिवस के अंदर आवेदन पत्रों पर नियमानुसार कार्रवाई करें। बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधकों को बैकों के प्रेषित किए गए आवेदनों की निरंतर समीक्षा कर उनका निस्तारण कराने के निर्देश दिए। बैठक में लोन लेने वाले आवेदक भी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी के समक्ष बैकों में लंबित आवेदन पत्र की बात कही। इस पर जिलाधिकारी ने आवेदकों की बात सुनने के बाद पूजा त्यागी का एसबीआई बैंक शाखा में लंबित आवेदन पत्र पर एसबीआई के बैंक प्रबंधक को निस्तारण के निर्देश दिए गए। बैठक में कागजों की जांच कर बैंक ने 5 लाख रुपए का लोन तत्काल स्वीकृत कर दिया। जिलाधिकारी की त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई से लोन लेने वाली महिला का चेहरा खिल उठा। अन्य आवेदकों के भी आवेदन बैंकों से कार्रवाई करते हुए एक सफ्ताह के अंदर स्वीकृत या अस्वीकृत करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी आवेदन अस्वीकृत किया जाता है, तो उसका पूर्ण विवरण दिया जाए और बताया जाए कि आवेदन को कैसे अस्वीकृत किया गया।


## जीडीए अपर सचिव ने ऑन स्पॉट सुनीं समस्या, कराया समाधान



**गाजियाबाद।** जीडीए के महत्वाकांक्षी मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना को परवान चढ़ाने के लिए वहां पर जीडीए कार्यालय समेत अन्य निर्माण कार्यों में अब तेजी लाई जा सकेगी। इसके साथ ही स्पॉट पर आवंटियों की समस्या सुनने के बाद उनका निस्तारण भी हो सकेगा। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देश पर अब मधुबन-बापूधाम योजना में निर्माणाधीन जीडीए कार्यालय स्थल पर सफ्ताह में एक दिन उपस्थित रहेंगे। इसी क्रम में जीडीए के अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने अभियंत्रण जोन-3 के अधिशासी अभियंता आलोक रंजन, विद्युत जोन के अधिशासी अभियंता अजीत कुमार बघाडिय़ा, सहायक अभियंता निशांत कुमार, सहायक अभियंता रूद्रेश शुक्ला, सहायक अभियंता दीप्ति चौहान आदि अधिकारियों के साथ जीडीए के निर्माणाधीन कार्यालय और पॉकेट ए,बी में चल रहे निर्माण कार्यों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया।

जीडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर सफ्ताह में एक दिन अपर सचिव और अन्य दिनों में अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता टीम के साथ उपस्थित होकर जन समस्याओं का निस्तारण कराने के साथ-साथ विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए तत्काल समाधान कराएंगे। अपर सचिव के निरीक्षण के दौरान वहां के कुछ आवंटी भी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। अपर सचिव ने उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान कराया। इसके अलावा फतेहपुर के विधायक विकास गुप्ता ने अपर सचिव के साथ विधायक को आवंटित भूखंड का निरीक्षण किया। विधायक ने योजना में चल रहे विकास कार्य एवं ट्रैफिक से संबंधी जानकारी ली। इसके बाद अपर सचिव ने जीडीए कार्यालय का प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कराए जाने और अन्य चालू निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण जल्द पूरा कराने के लिए अधिशासी अभियंता व सहायक अभियंता को निर्देश दिए।

अपर सचिव के साथ अभियंत्रण एवं विद्युत जोन के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता,अवर अभियंता उपस्थित रहे। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक मंगलवार को मधुबन-बापूधाम योजना में निर्माण कार्यालय स्थल पर अपर सचिव एवं संबंधित अधिशासी अभियंता,सहायक अभियंता व अन्य स्टाफ उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा अन्य दिवस में रोस्टर के अनुसार सहायक अभियंता योजना से संबंधित समस्याओं एवं निर्माणाधीन कार्यों की निगरानी के लिए उपस्थित होंगे। जीडीए अभियंत्रण जोन-6 के अधिशासी अभियंता आलोक रंजन द्वारा जल्द ही रोस्टर जारी किया जाएगा।



## सीएम योगी के मार्गदर्शन में दुर्गा अष्टमी के अवसर पर गोण्डा में की गई ऐतिहासिक पहल

# 1000 शक्ति सारथी को हरी झंडी दिखाकर रचा इतिहास





**लखनऊ/गोण्डा।** शारदीय नवरात्रि की दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में गोण्डा जिले ने ऐतिहासिक पहल की है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रदेश में पहली बार गोण्डा में ₹शक्ति सारथी₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत 1000 पिंक कलर के ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन ई-रिक्शा को ₹शक्ति सारथी₹ नाम दिया गया है, जिनका उपयोग 90% से अधिक महिलाओं द्वारा किया जाएगा। सभी ई-रिक्शा चालकों को सुरक्षा के दृष्टिगत प्रशिक्षित किया गया है और उन्हें महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में 108 कन्याओं का कन्या पूजन और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 9 महिलाओं को भी सम्मानित किया गया।

सुरक्षा और आपातकालीन सहायता के प्रति किया गया प्रशिक्षितगोण्डा की डीएम नेहा शर्मा ने बताया कि दुर्गा अष्टमी के अवसर पर जनपद में शक्ति वंदन 2.0 के तहत शक्ति सारथी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शक्ति सारथी कार्यक्रम एक अनूठा प्रयास है, जिसमें ई-रिक्शा चालकों को ₹सारथी शक्ति₹ की उपाधि दी गई है, जिससे वे महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में योगदान कर सकें। शक्ति सारथी पहल के तहत ऑटो चालकों का प्रशिक्षण महिला सुरक्षा को मजबूत बनाएगा और समाज में एक नया संदेश प्रस्तुत करेगा। यह पहल इस बात पर आधारित है कि 90% से अधिक महिलाएं यात्रा के लिए ऑटो या ई-रिक्शा का इस्तेमाल करती हैं।

शुरुआत में 1000 से अधिक ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को इस पहल के अंतर्गत शामिल किया गया है, जिन्हें महिलाओं की सुरक्षा और आपातकालीन स्थितियों में सहायता प्रदान करने का प्रशिक्षण दिया गया है। भविष्य में इस कार्यक्रम को और भी विस्तारित किया जाएगा। बिना डर के यात्रा कर सकेंगी महिलाएं उन्होंने बताया कि शक्ति वंदन 2.0 के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी सुरक्षा के प्रति समाज को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। 'शक्ति सारथी' पहल के अंतर्गत ऑटो चालकों को प्रशिक्षित किया गया है, ताकि महिलाएं बिना किसी डर के यात्रा कर सकें। यह कार्यक्रम समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक बदलाव लाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कार्यक्रम जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में आयोजित किया गया है, जिसमें कार्यक्रम स्थल पर उत्पन्न कचरे का समुचित निस्तारण सुनिश्चित किया गया।

- पिंक कलर के 1000 ई-रिक्शा को किया गया रवाना, ई-रिक्शा को दिया गया है शक्ति सारथी का नाम
- परिवहन के दौरान महिलाओं की पूर्ण सुरक्षा के लिए सभी ई-रिक्शा चालकों को किया गया है प्रशिक्षित
- सुरक्षा के साथ-साथ आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता के लिए भी प्रशिक्षित किए गए हैं शक्ति सारथी
- कार्यक्रम में 108 कन्याओं का किया गया पूजन, उत्कृष्ट कार्य करने वाली 9 महिलाओं का भी हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विकास कार्यों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, और आधारभूत ढांचे में हुए सुधारों को प्रदर्शित किया गया। 108 कन्याओं का पूजन और सम्मान इस अवसर पर जिले के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों से आई 108 कन्याओं का कन्या पूजन किया गया और उन्हें उपहार भेंट किए गए। वहीं, नवदेवी सम्मान समारोह के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का भी सम्मान किया गया। इसके अतिरिक्त हवन, प्रसाद वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत आकांक्षा समिति उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष डॉक्टर गरिमा सिंह ने वर्चुअल माध्यम से की, जबकि गोण्डा की डीएम नेहा शर्मा, सीडीओ अंकिता जैन और जिले के अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इससे पूर्व पिछले वर्ष गोण्डा जिला प्रशासन ने शक्ति वंदन कार्यक्रम की शुरुआत की थी। तब करीब 12 हजार कन्याओं का पूजन कर रिकॉर्ड स्थापित किया गया था।

# नारी को सम्मान देने वाला समाज होता है समर्थ और शक्तिमान : मुख्यमंत्री



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समस्त प्रदेशवासियों को महापर्व शारदीय नवरात्र की पावन महानवमी एवं विजयादशमी की बधाई देते हुए कहा कि शारदीय नवरात्र नारी गरिमा की प्रतिष्ठा का पर्व है। जिस समाज में नारी की पूजा होती है तथा सम्मान दिया जाता है वह समाज स्वयं ही समर्थ और शक्तिमान होता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि में कन्या पूजन के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश-दुनिया में रहने वाले सनातन धर्मावलंबी वर्ष में दो बार शारदीय और वासंतिक नवरात्र में जगतजननी मां भगवती दुर्गा के नौ स्वरूपों के पूजन व अनुष्ठान के कार्यक्रम से श्रद्धा, उल्लास व उमंग से जुड़ते हैं। सनातन धर्म की पर्व और त्योहार से जुड़ी समृद्ध परंपरा सबका ध्यान आकर्षित करती है। आज शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली मां सिद्धिदात्री के स्वरूप के पूजन के साथ कन्या पूजन का अनुष्ठान हो रहा है। वह सौभाग्यशाली हैं कि गोरक्षपीठ की पवित्र परंपरा के अनुसार उन्हें भी कन्या पूजन का अनुष्ठान करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र का पर्व शक्ति की आराधना के साथ आधी आबादी के सम्मान का भी प्रतीक पर्व है। भारतीय मनीषा ने प्राचीनकाल से ही 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः' अर्थात जहां नारी की पूजा की जाती है, उसका सम्मान किया जाता है वहां दैवीय शक्तियों का वास होता है की मान्यता और इसके भाव को अंगीकार किया है।

नवरात्र में जगतजननी भगवती मां दुर्गा के पावन नौ स्वरूपों की आराधना सनातन धर्म की उदात्त और पवित्र परंपरा का महत्वपूर्ण अवसर है। यह आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की नई प्रेरणा देने का भी माध्यम है। सीएम योगी ने कहा कि आधी आबादी की सुरक्षा के साथ पूरे समाज की सुरक्षा जुड़ी होती है। उन्होंने कहा कि जब हम आधी आबादी को सामर्थ्यवान बनाकर उनकी गरिमा और सम्मान की सुरक्षा करेंगे तो प्रदेश और देश सभी नागरिकों के जीवन मे खुशहाली लाने के लक्ष्यों को प्राप्त करेगा।



# जनपद में स्वच्छता-सुंदरता व स्वच्छ वातावरण रखना हमारी जिम्मेदारी : प्रमुख सचिव अमृत अभिजात



**गाजियाबाद।** प्रदेश के नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव एवं जिले के नोडल अधिकारी अमृत अभिजात ने कहा कि जिले में स्वच्छता,सुंदरता व स्वच्छ वातावरण रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाओं को पूरा करने के समय और गुणवत्ता पर ध्यान रखा जाए। अधिकारी हर माह मौके पर जाकर योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट पर भी ध्यान दें।

सोमवार को नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में विकास कार्यों,जन शिकायतों एवं एनजीटी सहित अन्य प्रकरणों की समीक्षा बैठक करने के लिए पहुंचे थे। प्रमुख सचिव के आगमन पर कलेक्ट्रेट परिसर में उन्हें पुलिसकर्मियों ने गार्ड ऑफ ऑनर किया। कलेक्ट्रेट सभागार में पहुंचने पर प्रमुख सचिव अमृत अभिजात को जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, प्रभागीय निदेशक वानिकी ईशा तिवारी आदि अधिकारियों ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। बैठक में सामाजिक वानिकी प्रभाग,गाजियाबाद द्वारा वन्य जीव प्राणी सप्ताह के मद्देनजर 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक सह अस्तित्व के माध्यम से वन्य जीव संरक्षण पर कविता लेखन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सिद्धार्थ विहार डीपीएस स्कूल में कविता लेखन मे आराध्या शुक्ला प्रथम,प्रिशा सिंह चिकारा सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल द्वितीय, दिव्यांशी चौधरी इंग्राहम इंस्टीट्यूट तृतीय, शौबान शेख इंग्राहम इंस्टीट्यूट सांत्वना पुरस्कार एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में दीप सिमर कौर सेंट पॉल अकेडमी प्रथम, नव्या दुबे सेठ आनन्द राम जयपुरिया द्वितीय,परी निमिया इंग्राहम इंटर कॉलेज तृतीय व नेहा मदान व आदविक शर्मा सेठ आनन्द राम जयपुरिया को प्रमुख सचिव एवं नोडल अधिकारी अमृत अभिजात ने सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रमुख सचिव ने बैठक में नगर निकाय नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कस्बों में उपवन योजना के प्रस्ताव एक सप्ताह में प्रस्तुत करें। उन्होंने निकायों की वसूली कम होने पर फटकार भी लगाई।

निजी स्त्रोतों से वसूली में वृद्धि करने तथा शत-प्रतिशत वसूली करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव ने अवगत कराया कि जो निकाय 10 प्रतिशत अधिक राजस्व वसूली करेंगी। उन निकायों को 5 करोड़ रुपए अतिरिक्त अनुदान सरकार द्वारा दिया जाएगा। प्रमुख सचिव ने आईजीआरएस पोर्टल पर निस्तारित शिकायतों के निस्तारण पर असंतोष प्रकट किया। उन्होंने फीडबैक आने पर उसका विवरण लिया।

उन्हें अवगत कराया गया कि उक्त 5 शिकायतों में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा चुका है। जिसमें से राजस्व,नगर निगम, जीडीए, पुलिस, नगर विकास की एक-एक शिकायतें थी। प्रमुख सचिव ने इस पर नगर निगम द्वारा दोनों बिंदुओं का प्रस्ताव बनाकर भेजने का निर्देश दिए। जनपद में गड्ढा मुक्त सड़क अभियान के बारे में जानकारी ली। इस पर विभाग के अधिकारियों नपे अवगत कराया कि 20 अक्टूबर से पहले जनपद की सड़कें गड्ढा मुक्त हो जाएंगी। प्रमुख सचिव ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के आदेशानुसार एवं मंशा के अनुरूप जनपद की सभी सड़कों को त्योहार से पूर्व गड्ढा मुक्त किया जाएं।

## कैमकुस कॉलेज ऑफ़ स्पेशल एजुकेशन एंड रिसर्च में मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह का आयोजन



**गाजियाबाद।** संजय नगर स्थित भागीरथ सेवा संस्थान द्वारा संचालित कैमकुस कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन एंड रिसर्च में मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत मेंटल हेल्थ एट वर्कप्लेस थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरुकता के लिए कैमकुस कॉलेज ऑफ़ स्पेशल एजुकेशन एंड रिसर्च की टीम द्वारा नुक्कड नाटक, बैनर आदि के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है। मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के दुसरे दिन मंगलवार को भागीरथ पब्लिक स्कूल के शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। संस्थान के निदेशक अमिताभ सुकुल ने बताया मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि कार्य क्षेत्र में बढ़ते तनाव, प्रतिस्पर्धा कई बार उदासीनता, नींद में कमी, आत्मविश्वास में कमी, कार्य क्षमता में कमी आदि लक्षणों को जन्म देता है।

अतः छात्र जीवन से ही मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजगता आवश्यक है। कोर्स कोर्डिनेटर विकास तिवारी और माहेश्वरी चौधरी ने संयुक्त रुप से बताया कि चिंता, ड्रिप्रेश और तनाव वर्कप्लेस पर रिपोर्ट की जाने वाली सबसे आम समस्याओं में से एक हैं, जिसका मुख्य कारण है काम करने का खराब माहौल है। ऐसी जगह जहां कर्मचारियों के मेहनत की सराहना न की जाती हो, उनके काम को स्वीकार न किया जाता हो या फिर उन्हें वह न मिलना जिसके वे हकदार हैं। ऐसी चीजें व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर डालती हैं।

इसके अलावा एक व्यक्ति की तुलना में दूसरे के साथ भेदभाव करना भी मानसिक विकार की एक बड़ी वजह है। मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत हर दिन अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया रहा है। दुसरे दिन शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इसके बाद स्कूल कॉलेज के स्टॉफ एवं विद्यार्थियों को भी जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों को शिक्षित और जागरूक करने के साथ सामाजिक कलंक की भावना दूर के लिए हर साल 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।प्रकरण निस्तारित हो चुके हैं और कुछ जल्द ही निस्तारित हो जाएंगे।



# नोएडा में विकास के लिए प्राधिकरण ने खोला खजाना, तीन हजार करोड़ रुपए होंगे खर्च

**नोएडा।** नोएडा शहर उत्तर प्रदेश का सबसे प्रमुख शहर है। नोएडा शहर को उत्तर प्रदेश की औद्योगिक राजधानी के नाम से भी जाना जाता है। नोएडा शहर लगातार प्रगति करता रहे इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने व्यापक योजना तैयार की है। यह भी कहा जा सकता है कि नोएडा प्राधिकरण ने विकास कार्य कराने के लिए अपना खजाना खोल दिया है। अगले 1 से डेढ़ वर्ष में नोएडा शहर के विकास कार्यों में 3 हजार 102 करोड़ रुपये की भारी भरकम धनराशि खर्च की जाएगी।

**विकास कार्यों में लाई जाएगी तेजी**

नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम ने सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में नोएडा के विकास से जुड़ी जानकारी दी है। नोएडा के CEO डॉ. लोकेश एम ने कहा है कि नोएडा में तेजी के साथ विकास कार्य कराये जा रहे हैं। जल्द ही विकास के कार्यों में और अधिक तेजी लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अगले डेढ़ वर्ष में नोएडा के विकास कार्यों पर 3 हजार 102 करोड़ से भी अधिक की धनराशि खर्च की जाएगी। नोएडा के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने नोएडा में भविष्य की विकास योजनाओं तथा वर्तमान में चल रही विकास योजनाओं का पूरा खाका पत्रकारों के सामने रखा है।




नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने बताया कि नोएडा शहर के सेक्टर-151ए में 5 हजार वर्ग मीटर जमीन पर भव्य गोल्फ कोर्स विकसित किया जा रहा है। इस गोल्फ कोर्स के निर्माण पर 140 करोड़ रुपये खर्च होंगे। नोएडा में पहले से ही एक गोल्फ कोर्स है। इस दूसरे गोल्फ कोर्स का निर्माण कार्य वर्ष-2021 से चल रहा है। वर्ष-2025 में यह गोल्फ कोर्स बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने बताया कि नोएडा के सेक्टर-96 में 6 एकड़ जमीन पर नोएडा प्राधिकरण का नया दफ्तर बनाया जा रहा है। इस दफ्तर के निर्माण पर 304 करोड़ रुपये खर्च होंगे। नोएडा प्राधिकरण का यह नया दफ्तर जनवरी-2025 में बनकर तैयार होगा। उन्होंने बताया कि दादरी रोड को जाम से मुक्त करने के लिए भंगेल एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। इस एलिवेटेड रोड के निर्माण पर 608 करोड़ रूपये का खर्च आएगा। भंगेल एलिवेटेड रोड जनवरी-2025 में बनकर तैयार हो जाएगा। सीईओ ने बताया कि दिल्ली की सीमा से शुरू होकर महामाया फ्लाईओवर तक चिल्ला एलिवेटेड रोड प्रस्तावित है। इस रोड के निर्माण पर 787 करोड़ रूपये खर्च होंगे। इस बड़ी परियोजना का निर्माण जल्द ही शुरू कराया जाएगा।

**नोएडा में होंगे ढ़ेर सारे काम**

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने बताया कि नोएडा में सेक्टर-146 व 147 के बीच हिंडन एप्रोच रोड, नोएडा के सेक्टर-51 तथा सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन के बीच स्काई वॉक, सेक्टर-19 के निकट से गुजरते सिंचाई नाले को ढंकने का कार्य, सेक्टर-28, 29 तथा 37 गुजर रहे सिंचाई विभाग के नाले को ढंकने का कार्य, नोएडा, ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर दो अंडर पास बनाने का कार्य, सेक्टर-123 में स्पोर्ट कॉम्पलेक्स का निर्माण करने के साथ ही साथ नोएडा शहर में सौंदर्यीकरण के भी ढ़ेर सारे कार्य कराये जाएंगे। सौंदर्यीकरण के कार्यों के तहत नोएडा के उद्योग मार्ग को मॉडल रोड बनाया जाएगा। सेक्टर-18 मार्केट, सेक्टर-37 में स्थित गोदावरी मार्केट सेक्टर-110 के मार्केट के सौंदर्यीकरण के काम को मंजूरी दी जा चुकी है। इसी प्रकार सौंदर्यीकरण के और भी तमाम कार्य शहर में कराए जाएंगे।

**ग्राम विकास के कार्यों पर फोकस**

नोएडा के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने बताया कि नोएडा क्षेत्र के गांवों के विकास के लिए चालू वित्त वर्ष में 113 करोड़ रुपये स्वीकृत हैं। स्वीकृत बजट में से गांव के विकास पर 32 करोड़ रूपये खर्च किए जा चुके हैं। जल्द ही सलारपुर के पास स्थित सिंचाई नाले पर दो पुल बनाये जाएंगे। साथ ही सलारपुर गांव के पीछे पुश्ता मार्ग की रिफिसिंग कराई जाएगी। सलारपुर गांव में बारातघर का निर्माण कराया जाएगा। इसी कड़ी में नंगली वाजिदपुर गांव में प्ले ग्राउंड बनाया जाएगा। नंगली साखपुर गांव में बालीबॉल ग्राउंड का निर्माण कराया जाएगा। ग्राम सोरखा में बैडमिंटन कोर्ट तथा कुश्ती अखाड़े का निर्माण भी इसी कड़ी में शामिल किया गया है। नोएडा के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने जोर देकर कहा कि सभी निर्माण कार्यों में काम की गुणवत्ता को सर्वोपरि रखा जा रहा है। काम की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## नोएडा में जल्द होगा जल समस्या का समाधान, 100 एमएलडी पानी की आपूर्ति को बढ़ाया जाएगा



**नोएडा।** देशभर में पानी की आपूर्ति को मजबूत करने के लिए कई योजनाएं बनाए गए है। पानी की आपूर्ति को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। नोएडा प्राधिकरण ने यमुना बेल्ट से पानी की आपूर्ति बढ़ाने के लिए रेनीवेल परियोजना का विस्तार करने का निर्णय लिया है। इस योजना के अंतर्गत, वर्तमान में लगभग 100 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) पानी की आपूर्ति को बढ़ाया जाएगा। इससे यमुना बेल्ट से पानी की सप्लाई की क्षमता करीब 136 एमएलडी हो जाएगी।

**बड़ी लागत के साथ तैयार होगा रेनीवेल**

नोएडा प्राधिकरण 45 करोड़ की लागत से 2 रेनीवेल बनाएगा। साथ ही पाइन लाइन बिछाने का काम शुरू होने जा रहा है। इससे यमुना बेल्ट से पानी की सप्लाई की क्षमता करीब 136 एमएलडी हो जाएगी। प्राधिकरण सीईओ लोकेश.एम ने बताया कि रेनीवेल से सप्लाई किए जाने वाले पानी का टीडीएस 450 के आसपास होता है। इसमें बोरवेल का पानी मिलाकर सप्लाई किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद में करीब 32 रेनीवेल काम कर रहे है। वहां पानी की सप्लाई ही इन रैनीवेल से हो रही है। इसी तरह नोएडा में इसका उपयोग किया जा सकता है। क्योंकि यमुना का एक बड़ा हिस्सा नोएडा से होकर ही गुजरता है। इसके किनारे रेनीवेल बनाए जा सकते है la

**जीएम (जल) आरपी सिंह ने दी जानकारी**

जीएम जल आरपी सिंह ने बताया कि नोएडा में 8 रेनीवेल सक्रिय है। जिनसे रोजाना करीब 100 एमएलडी पानी की सप्लाई हो रही है। तीन रेनीवेल जल्द ही सक्रिय किए जाएंगे। इसके अलावा दो नए रेनीवेल बनाए जा रहे है। इस तरह से 160 एमएलडी के आसपास रेनीवेल से सप्लाई होगा। जिसका उपयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गंग नहर की साफ-सफाई या अन्य कोई फाल्ट होने पर गंगाजल की सप्लाई बाधित होती है। यदि ऐसा होता भी है तो अब हम रेनीवेल के पानी से उसकी पूर्ति कर सकते है।

**क्यूसेक गंगाजल परियोजना**

नोएडा में वर्तमान में 450 एमएलडी पानी की डिमांड है। इसमें 240 एमएलडी गंगाजल और करीब 110 एमएलडी नलकूप और 100 एमएलडी रेनीवेल का पानी मिलाकर सप्लाई किया जा रहा है। 35 करोड़ की लागत से बन रही 37.50 क्यूसैक गंगाजल परियोजना का काम पूरा हो चुका है। 259 करोड़ से बन रही 80 क्यूसेक गंगाजल की लाइनों की कमिशिनिंग का काम किया जा रहा है। इस परियोजना से 20 सेक्टरों में पानी की सप्लाई की जा रही है।

## समाजवादी आंदोलन के नायक मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर गोष्ठी आयोजित



**नोएडा।** गांव झुंडपुरा लॉर्ड कृष्णा मॉडर्न स्कूल में समाजवादी आंदोलन के महानायक नेता मुलायम सिंह यादव की दूसरी पुण्यतिथि पर सपा कार्यकर्ताओं के साथ देवेन्द्र अवाना, देवेंद्र गुर्जर ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके जीवन संघर्ष पर विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया। इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता देवेन्द्र सिंह अवाना ने कहा भारतीय राजनीतिज्ञ, समाजवादी व्यक्ति और समाजवादी पार्टी के संस्थापक थे। छह दशक से अधिक के अपने राजनीतिक जीवन के दौरान, उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में तीन कार्यकालों तक सेवा की और भारत सरकार में केंद्रीय रक्षा मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

सपा कार्यकर्ताओं में उनके विचारों को आत्मसात करने की शपथ। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष नोएडा विधानसभा देवेन्द्र गुर्जर ने कहा कि मई 2017 में पाकिस्तान की बॉर्डर एक्शन टीम ने दो भारतीय सैनिकों की हत्या कर दी थी और उनके शवों को क्षत-विक्षत कर दिया था। जब पत्रकारों ने पूर्व में रक्षा मंत्री रहे यादव से हमलों पर टिप्पणी करने के लिए कहा तो उन्होंने कहा, "रक्षा मंत्री (अरुण जेटली) कमजोर हैं और कायर कभी दुश्मनों से नहीं लड़ सकते। मेरा केंद्र सरकार और संबंधित मंत्री से एक सवाल है। आप दुश्मन को उसकी जगह दिखाने का साहस क्यों नहीं जुटा पा रहे हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि देवेगौड़ा सरकार में रक्षा मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने हमलों के जवाब में भारतीय सेना को पाकिस्तान में घुसने का आदेश दिया था।

इस मौके पर हीरालाल यादव, भीष्म यादव, देवेंद्र सिंह अवाना, जगत चौधरी, देवेन्द्र गुर्जर, मोहसिन सैफी, साहिल खान विक्की तंवर एल के मिश्रा देव यादव ,रमेश चौधरी, दाताराम पाल, सतीश शर्मा, राजेंद्र यादव, चरण सिंह राजपूत, रोशन चौधरी, फूलसिंह नम्बरदार ,मौ यामीन गौरव मुखिया, संदीप कुमार,कपिल अवाना, अनिल अवाना, उस्मान भड़ाना मंगल यादव, प्रेम, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एनईए ने दी उद्योगपति रतन टाटा को भावपूर्ण श्रृद्धांजली



**नोएडा।** नौएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन (एनईएन) के प्रांगण में उद्योग जगत के प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा को भावपूर्ण श्रृद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर एनईए अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने कहा कि महान देश भक्त, उद्योग के क्षेत्र में नई इबारत लिखने वाले, समाज एंव देश के लिए एक अनूठी मिशाल स्थापित करने वाले महान उद्योपति रतन टाटा ने निस्वार्थ भाव से अपना जीवन राष्ट्र के विकास हेतु समर्पित किया। उनका जाना हमारे देश के लिए बहुत बडी क्षति है, उनके द्वारा राष्ट्र की अर्थव्यवस्था एंव उद्योग को महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए हमेशा जाना जाएगा। इस अवसर पर एनईए- अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन, महासचिव वी के सेठ, उपाध्यक्ष हरीश जोनेजा, राकेश कोहली, धर्मवीर शर्मा, उपाध्यक्ष मोहन सिंह, सुधीर श्रीवास्तव, आर.एम. जिंदल, कोषाध्यक्ष शरद चन्द्र जैन, सह. कोषाध्यक्ष संदीप विरमानी, सचिव आलोक गुप्ता, कमल कुमार, विरेन्द्र नरूला राजन खुराना, मयंक गुप्ता, पियूष मंगला, सुभाष जावा, इन्दरपाल खांडपुर, रमन वासन, हरीश कालरा, आर.के.सूरी, ओम प्रकाश, कुलदीप विर्क, प्रवीन गुप्ता उपस्थित थे।

# 2100 करोड़ का बजट प्रस्ताव पास, हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को नगर निगम बोर्ड ने किया अस्वीकार

**गाजियाबाद।** कैबिनेट मंत्री की मौजूदगी में बुधवार को हुई नगर निगम की बोर्ड बैठक ऐतिहासिक रहा। पहली बार बोर्ड बैठक में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और विधायक अजीत पाल त्यागी शामिल हुए। कैबिनेट मंत्री और विधायक ना सिर्फ बोर्ड बैठक में शामिल हुए बल्कि प्रस्तावों पर चर्चा भी की। हालांकि सांसद और विधायक नगर निगम बोर्ड के पदेन सदस्य होते हैं। लेकिन पुरानी परंपरा रही है कि बैठक के दौरान सांसद और विधायकों ने किसी प्रकार की चर्चा में शामिल नहीं होते थे। अभी तक नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव या फिर अन्य महत्वपूर्ण मौकों पर सिर्फ मतदान में शामिल होने के लिए ये बोर्ड बैठकों में पहुंचते थे।

बोर्ड बैठक में शहर में विकास को रफ्तार देने वाली 2100 करोड़ रुपये के बजट प्रस्ताव सहित कुल 46 प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पास किया गया। हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव को सदन ने अस्वीकार करते हुए प्रस्ताव शासन को भेजने का निर्णय लिया। हालांकि नगर निगम को स्वाबलंबी बनाने और बड़े डेवलपमेंट प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए हाउस टैक्स का बढ़ाया जाना जरूरी है। लेकिन नगर निगम बोर्ड द्वारा प्रस्ताव खारिज होने से मामला ठंडे बस्ते में चला गया है। अब टैक्स बढ़ोत्तरी के मुद्दे पर शासन द्वारा जो निर्णय लिया जाएगा उसे माना जाएगा। मेयर सुनीता दयाल की अध्यक्षता और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की मौजूदगी में सुबह



11 बजे शुरु हुई बोर्ड बैठक दिन भर चली। बैठक के दौरान कई मुद्दों पर पार्षदों के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई। लेकिन नोकझोंक के बावजूद माहौल सौहार्दपूर्ण बना रहा। बोर्ड बैठक का संचालन सदन सचिव अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार यादव ने किया। प्रभारी लेखाधिकारी जेपी सिंह ने सदन के समक्ष बजट प्रस्ताव रखा जिसे चर्चा के बाद पास कर दिया गया। इस दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा, चीफ इंजीनियर एनके चौधरी, मुख्य नगर लेखा परीक्षक विवेक सिंह, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज कुमार सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश सिंह, प्रकाश प्रभारी कामाख्या प्रसाद आनंद, सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह, एग्ज्यूकेटिव इंजीनियर देशराज सिंह, जोनल प्रभारी सुनील राय, लेखा परीक्षक रोहताश शुक्ला, विमलकांत सिंह, वरिष्ठ पार्षद प्रवीण चौधरी, विनय चौधरी, राजीव शर्मा, अजय शर्मा, संजय सिंह, नरेश जाटव, विरेंद्र त्यागी, सचिन डागर, सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं पार्षद मौजूद रहे। 2100 करोड़ के बजट में विभिन्न मदों से 1592 करोड़ रुपये की आमदनी और 1795 करोड़ रुपये का खर्च प्रस्तावित है। लाइसेंस फीस से 180 करोड़ एवं वायु गुणवत्ता सुधार के लिए केंद्रीय मंत्रालय से 34 करोड़ रुपए मिलने की संभावना है। बजट में वित्तीय वर्ष 2024-25 का प्रारंभिक अवशेष 508 करोड़ रुपये था। जबकि वित्तीय वर्ष का अंतिम अवशेष 304 करोड़ रुपये रहने की उम्मीद है। बोर्ड बैठक में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने निगम की आय बढ़ाने को लेकर कई सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम और शहर हित मे शासन स्तर से हर सम्भव प्रयास करेंगे। वरिष्ठ भाजपा पार्षद प्रवीण चौधरी ने डीएम सर्किल रेट से हाउस टैक्स में वृद्धि पर विरोध दर्ज कराया। मेयर सुनीता दयाल ने हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव खारिज करने को लेकर पार्षदों से हाथ उठाने को कहा। अधिकांश प्रस्तावों ने प्रस्ताव खारिज करने के समर्थन में हाथ उठाया। जिसके बाद प्रस्ताव को खारिज करते हुए इसे शासन को भेजने का निर्णय लिया गया।

बोर्ड बैठक में कुल 51 प्रस्ताव रखे गए थे। इनमें से 3 प्रस्ताव को निरस्त करते हुए अन्य सभी प्रस्तावों पर मुहर लग गई। कुछ प्रस्तावों पर कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया। एक पार्षद ने आरोप लगाते हुए कहा कि अवंतिका, चिरंजीव विहार में बिल्डर ने निगम की सीवर लाइन से अपनी लाइन जोड़ ली है। उससे 10 लाख रुपए लिए गए हैं। जबकि यह 5 करोड़ रुपए का मामला है। इस पर जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता केपी आनंद ने स्पष्ट किया कि सिर्फ एक टॉवर की लाइन जोड़ी गई हैं। भाजपा पार्षद विनय चौधरी ने ऑडिट कमेटी बनाने की मांग की। विनय चौधरी ने कहा कि नगर निगम के जोनल चेयरमैन और जीडीए बोर्ड मेंबर के चुनाव जल्द होने चाहिये। पार्षदों का आरोप है कि डेढ़ साल से चुनाव नहीं कराए गए हैं।

पार्षद संजय सिंह ने हाउस टैक्स में वृद्धि को लेकर नगर निगम अधिनियम की धारा-260 का हवाला दिया। कांग्रेसी पार्षद अजय शर्मा ने कहा कि पूर्व में हाउस टैक्स का प्रस्ताव निरस्त कर शासन को भेजा जा चुका है। ऐसे में फिर से प्रस्ताव लाया गया। इसका कोई औचित्य नहीं है। बोर्ड बैठक में राजनगर एक्सटेंशन में 56 एमएलडी एसटीपी का संचालन की नगर निगम द्वारा अनुरक्षण करने संबंधी प्रस्ताव पास किया गया। ब्यूटी पॉर्लर, जिम पर शुल्क लगाने का प्रस्ताव निरस्त किया गया। पार्कों के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव पास किया गया। पूर्वांचल व उत्तरांचल भवन का निगम द्वारा स्वयं संचालन करने का प्रस्ताव पास हुआ। 13 हजार वर्गमीटर में नगर निगम का अर्थला के सामने 5 मंजिला बिल्डिंग का 80 करोड़ की लागत से निर्माण होगा। बोर्ड बैठक में 5 सप्लीमेंट्री प्रस्ताव भी पास किए गए। इनमें पैठ बाजार में ऑनलाइन शुल्क जमा कराया जाएगा। श्मशान में रसीद निगम द्वारा काटी जाएगी। लकड़ी के रेट निर्धारित होंगे। नगर निगम के स्कूलों में 65 से 70 साल की आयु पूरी कर चुकी टीचरों को रिटायर किया जाएगा।

## सेहत/स्वास्थ्य

# लिविंग रूम को विनेगर की मदद से करें क्लीन

**मिताली जैन**

तलिविंग रूम घर का ऐसा हिस्सा होता है, जहां पर कोई भी व्यक्ति आकर बैठता है। ऐसे में अगर लिविंग एरिया गंदा हो या फिर वहां से अजीब सी स्मेल आ रही हो तो इससे आपकी पर्सनैलिटी पर भी नेगेटिव इफेक्ट पड़ता है। अमूमन यह देखने में आता है कि लिविंग एरिया की क्लीनिंग के लिए हम कई तरह के केमिकल बेस्ड क्लीनर का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन जब ये केमिकल्स सांस के जरिए अंदर जाते हैं तो इससे आपको काफी नुकसान हो सकता है। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने लिविंग रूम को विनेगर की मदद से क्लीन करें। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि लिविंग एरिया को क्लीन करने के लिए विनेगर का इस्तेमाल किस तरह किया जाए-

**सोफे की करें सफाई**

अगर आपके लिविंग एरिया में रखे सोफे या आर्मचेयर से थोड़ी बासी गंध आती है, तो सिरके से सफाई करें। एक स्प्रे बोतल में बराबर मात्रा में पानी और सिरका मिलाएं। अब इसमें लैवेंडर या नीलगिरी एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें डालकर मिक्स करें। अब इसे स्प्रे करें, लेकिन फर्नीचर को बहुत गीला न करें। इसे हवा में सूखने दें। वहीं अगर सोफे पर दाग लगा है तो 1 भाग सिरका और 1 भाग पानी के मिश्रण से दाग को साफ करें। ज्यादा मुश्किल दागों के लिए, पहले उस जगह पर बेकिंग सोडा छिड़कें, फिर सिरका स्प्रे करें। इसे कुछ मिनट तक फ़िज़ होने दें, कपड़े से धीरे-धीरे रगड़ें और पोंछकर साफ़ करें।

**विंडो को करें क्लीन**

लिविंग रूम के विंडो की क्लीनिंग के लिए भी



**अगर आपके लिविंग एरिया में रखे सोफे या आर्मचेयर से थोड़ी बासी गंध आती है, तो सिरके से सफाई करें। एक स्प्रे बोतल में बराबर मात्रा में पानी और सिरका मिलाएं। अब इसमें लैवेंडर या नीलगिरी एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें डालकर मिक्स करें।**

सिरके की मदद ली जा सकती है। इसके लिए आप एक स्प्रे बोतल में एक भाग सिरका और दो भाग पानी मिलाएं।

अपनी खिड़कियों पर स्प्रे करें, फिर इसे माइक्रोफ़ाइबर कपड़े से पोंछें। जिद्दी दागों के लिए, थोड़ा ज़्यादा सिरका लगाकर रगड़ें, फिर साफ कपड़े से उसे क्लीन करें।

**कारपेट को करें क्लीन**

लिविंग रूम में रखा कारपेट बहुत जल्दी गंदा हो जाता है। ऐसे में उसे साफ करने के लिए आप सिरके का इस्तेमाल करें। इसके लिए, आप बराबर मात्रा में सिरका और पानी के मिश्रण से उस जगह को साफ करें। इसके बाद, दाग पर बेकिंग सोडा छिड़कें, इसे सूखने दें और वैक्यूम करें।

वहीं, जिद्दी दाग को साफ करने के लिए, 1 बड़ा चम्मच डिश सोप, 1 बड़ा चम्मच सफ़ेद सिरका और 2 कप गर्म पानी मिलाएं। घोल को स्पंज या कपड़े से दाग पर थपथपाएं, फिर साफ तौलिये से पोंछकर सुखाएं।


## करवा चौथ से पहले चेहरे की झुर्रियां हटाएं, कैसे करें ग्रीन टी का इस्तेमाल

**(दिव्यांशी भदौरिया)** करवा चौथ पर सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार करती हैं और परंपारिक परिधान पहनती हैं। करवा चौथ का त्योहार इस बार 20 अक्टूबर 2024 को मनाया जा रहा है। ऐसे में करवा चौथ आने में बस कुछ दिन रह गए। करवा चौथ से पहले आप भी अपने चेहरे की झुर्रियों को हटा सकते हैं। आप ग्रीन टी की मदद से चेहरे की झुर्रियों से निजात पा सकते हैं। ग्रीन टी का सेवन न सिर्फ आपके सेहत के लिए फायदेमंद है बल्कि ये त्वचा और बालों के लिए काफी लाभदायक है।

इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते है। इसके साथ ही ग्रीन टी में विटामिन और मिनरल जैसे पोषक तत्व होते है। दरअसल, ग्रीन टी में पॉलीफेनोल्स होते हैं। ग्रीन टी आपको झुर्रियों से बचाने में भी मदद करती है। यह आपकी त्वचा को हेल्दी बनाए रखने का काम करती है। आइए जानते हैं झुर्रियों से छुटकारा पाने के लिए आप ग्रीन टी का इस्तेमाल किन तरीकों से करें।

**ग्रीन टी और नारियल तेल**

ग्रीन टी बनाकर इसे थोड़ी देर ठंडा होने के लिए रख दें। अब एक बाउल में थोड़ा सा नारियल का तेल लें। इसमें 2 चम्मच ग्रीन टी मिलाएं। इन दोनों चीजों को अच्छे से मिलाएं। इस मिश्रण को चेहरे और गर्दन पर 5 से 6 मिनट के लिए लगाएं। इसे 20 मिनट के लिए त्वचा पर लगा रहने दे। इसके बाद त्वचा को सादे पानी से धो लें। आप हफ्ते में 2 से 3 बार इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।



**ग्रीन टी और एवोकैडो**

आप अपनी त्वचा के लिए ग्रीन टी और एवोकैडो का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसके लिए आप एक बाउल में एवोकैडो को काटकर मैश कर लें। अब इसमें 2 से 3 चम्मच ग्रीन टी मिलाएं। इन दोनों चीजों को अच्छे से मिलाएं। अब इन चीजों से कुछ देर के लिए चेहरे और गर्दन की मसाज करें। इसे कुछ देर के लिए स्किन पर लगा रहने दें। इसे 20 से 30 मिनट के लिए लगा रहने दें। इसके बाद त्वचा को सादे पानी से धो लें। आप हफ्ते में 2 से 3 बार इस फेस पैक को इस्तेमाल कर सकते हैं।

**ग्रीन टी और अंडा**

सबसे पहले एक बाउल में एक अंडा तोड़ लें। इस अंडे में एक चम्मच ग्रीन टी की पत्तियां मिलाएं। इन दोनों चीजों को अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण को चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इसे त्वचा पर 15 से 20 मिनट के लिए लगा रहने दें। इसके बाद त्वचा को सादे पानी से धो लें। आपको बता दें, हफ्ते में 2 से 3 बार इस फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह झुर्रियों को दूर करने में मदद करता है।

# 25 मरीजों को बांटी पौष्टिक आहार किट






**नोएडा।** आरएचएएम फाउंडेशन और जिला रोटरी स्वास्थ्य जागरूकता मिशन के साथ विभिन्न क्लबों सहयोग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने के दृष्टिकोण के तहत 10 अक्टूबर को जनपद गौतमबुद्ध नगर के नोएडा सेक्टर 39 स्थित कोविड अस्पताल में स्वास्थ्य के प्रजि जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

36वीं परियोजना के तहत आयोजित इस शिविर के दौरान आरएचएएम फाउंडेशन और जिला रोटरी स्वास्थ्य जागरूकता मिशन के सदस्यों द्वारा 25 से अधिक टीबी रोगियों को सीएमओ जीबी नगर के अनुमोदन के अनुसार प्रोटीन पाउडर, फ्रूटी और पोषण किट वितरित किए गए हैं।

आयोजन के दौरान डॉ सुनील शर्मा, सी.एम.ओ., गौतमबुद्ध नगर, विशेष अतिथि रोटेरियन ललित खन्ना, पूर्व जिला गवर्नर रोटेरियन अमित गुप्ता, जिला गवर्नर 2026-2027 डॉ आर.पी. सिंह, डी.टी.ओ., गौतमबुद्ध नगर, के साथ-साथ सहयोगी स्टाफ रविंदर भाटी, पवन भाटी, अंबुज पांडे, अभय पांडे टीबी डिवीजन शामिल हैं। कार्यक्रम आरएचएएम फाउंडेशन संदीप अग्रवाल, आर.सी. गाजियाबाद ग्रीन के अध्यक्ष रोटेरियन अश्वनी छाबड़ा, आर.सी. दिल्ली ईस्ट एंड के अध्यक्ष, रोटेरियन लक्ष्मण सिंह, आर.सी. दिल्ली ईस्ट एंड और जिला टीबी इकाई जी.बी. नगर से कई अन्य लोग भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के दौरान टीबी के मरीजों को संबोधित करते हुए आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कहा कि टीबी मुक्त भारत को बनाने के लिए सभी देशवासियों के सामूहिक प्रयास करने होंगे।टीबी के मरीजों को बताया कि टीबी पर जीत हासिल करने के लिए डॉक्टर द्वारा बताए गए सही समय पर और सही तरीके से दवाइयों का इस्तेमाल करने और पौषटिक आहार से सेवन की मदद टीबी रोग से मुक्ती मिल सकती है। आरएचएएम (रहम) फाउंडेशन इस अभियान में को रोटरी क्लब गाजियाबाद सेफरोन सहित इंदिरापुरम परिवार, गाजियाबाद इंडस्ट्रियल टाउन, गाजियाबाद सनराईज, गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल, इंदिरापुरम गैलोर, दिल्ली ईस्ट एंड, दिल्ली मयूर विहार, गाजियाबाद ग्रीन, गाजियाबाद अशोक, गाजियाबाद आस्था, गाजियाबाद विस्टा, गाजियाबाद ग्रेस, गाजियाबाद रिदम, दनकौर, मयूर विहार सोनीपत मिडटाउन द्वारा भी सहयोग किया गया।

# 30 से अधिक जरूरतमंद गर्भवती महिलाओं को वितरित की शगुन किट







**गाजियाबाद।** आरएचएएम फाउंडेशन और जिला रोटरी स्वास्थ्य जागरूकता मिशन द्वारा मातृ एवं शिशु अभियान के तहत साहिबाबाद पीएचसी में 30 से अधिक जरूरतमंद गर्भवती महिलाओं को प्रोटीन पाउडर, फ्रूटी और शगुन किट वितरित की है।

साहिबाबाद पीएचसी में आयोजित कार्यक्रम को डॉ. महिपाल व सहयोगी स्टाफ आशा बहन रविंदर, गीता, प्रेम लता, प्रदीप ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं को संबोधित कहा कि गर्भवती महिलाओं को खाने-पीने का ध्यान रखा जाना चाहिए साथ ही साथ समय समय पर डॉक्टर से भी सलाह लेते रहने चाहीए। इस दौरान आरएचएएम संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. धीरज भार्गव, रोटेरियन आभाष कंसल (कार्यकारी सदस्य), रोटेरियन मनीषा भार्गव, रोटेरियन साक्षी आभाष कंसल, रोटेरियन संदीप अग्रवाल, अध्यक्ष, आरसी गाजियाबाद ग्रीन, रोटेरियन प्रतीक भार्गव, अध्यक्ष, आरसी इंदिरापुरम जालोर लोगा भी मौजूद रहे।

# स्कूल बैग विथ एजुकेशनल डेस्क कार्यक्रम के तहत आधुनिक बैग बांटे



**गाजियाबाद।** बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए मंगलवार को केंद्र सरकार की कोल इंडिया लिमिटेड कंपनी ने इनोवेशन द्वारा स्कूल बैग विद एजुकेशनल डेस्क कार्यक्रम के तहत बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए। विकास भवन के दुर्गावती देवी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने कहा कि स्कूल बैग विथ एजूकेशनल डेस्क, आधुनिक बैग है। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने सभी सभी अतिथियों को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं निपुण भारत कार्यक्रम-2023 के अंतर्गत शिक्षा और स्वास्थ्य को सुदृढ़ एवं बेहतर बनाने के लिए राज्य और केंद्र सरकार की बच्चों के लिए कई शैक्षणिक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेई के प्रयासों से भारत सरकार की कोल इंडिया लिमिटेड कंपनी ने इनोवेशन द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए अपने संसदीय क्षेत्र के बच्चों के लिए एक अद्भुत और बहुत लाभदायक कार्यक्रम की शुरुआत की है। इसके तहत जनपद गाजियाबाद के रजापुर और लोनी ब्लॉक के 1500 विद्यार्थियों को स्कूल बैग विथ एजूकेशनल डेस्क वितरित किए जाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान कुछ विद्यार्थियों को बैग वितरित किए गए। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड कंपनी के सामाजिक उत्तरदायित्व एवं यूनिसेड के सम्मिलित प्रयासों से बच्चों के मानसिक,बौद्धिक और शारीरिक विकास पर ध्यान दिया गया। इस तरह का विशेष स्कूल बैग विकसित किया। जो ग्रामीण आंचल में पढ़ रहे बच्चों के लिए यह बैग बहुत ही लाभकारी साबित होगा। पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000. **Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.